Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 343 रायपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

'पूना मार्गेम' अभियान से प्रभावित होकर 26 नक्सलियों ने किया सरेंडर, 64 लाख घोषित था इनाम

सुकमा, 7 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में चलाए जा रहे 'पूना मार्गेम' (पुनर्वास से पुनर्जीवन) अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। अभियान से प्रेरित होकर 07 महिला कैडर सहित कुल 26 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इसे माओवादी नेटवर्क के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। आत्मसमर्पण करने वाले ये माओवादी ळ्ळ्र बटालियन, दक्षिण बस्तर, माड़ डिवीजन एवं आंध्र-ओडिशा बॉर्डर (ह्लक्ष) क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। इन पर कुल ?64 लाख का इनाम घोषित था।

सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी सुकमा, माड़ क्षेत्र एवं सीमावर्ती ओडिशा में हुई कई बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल रहे हैं। 'पूना मार्गेम' अभियान का उद्देश्य भटके हुए युवाओं को हिंसा का रास्ता छोड़कर सम्मानजनक जीवन की ओर लौटने का अवसर देना है। आत्मसमर्पित माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत आर्थिक सहायता, सुरक्षा, आवास, शिक्षा और रोजगार से जोड़ा जाएगा। सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चड्डाण ने शेष माओवादियों से अपील करते हुए कहा है कि हिंसा का रास्ता छोड़ें, शांति और विकास का मार्ग अपनाएं। सरकार आत्मसमर्पण करने वालों के पुनर्वास और सुरक्षित भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

रैंकवार सरेंडर नक्सलियों का विवरण

CYPCM	–	01
DVCM	–	01
PPCM	–	03
ACM	–	03
पार्टी सदस्य	-	18

नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

राजनांदगांव/मानपुर, 7 जनवरी (हाईवे चैनल)। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी पुलिस द्वारा जिला नक्सल-मुक्त करने के उद्देश्य से निरंतर एवं प्रभावी नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है. इसी अभियान के अंतर्गत पुलिस को एक और बड़ी सफलता प्राप्त हुई है, जिसमें नक्सलियों द्वारा बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश को समय रहते विफल कर दिया गया है.

थाना मोहला क्षेत्रांतर्गत स्थित परवीडोह की पहाड़ी, जो कि घने जंगलों एवं दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों वाली है, पूर्व में नक्सलियों की गतिविधियों का प्रमुख गढ़ रही है. इसी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की मंशा से सलवाही माइन (पाइप बम) तैयार करने के लिए विस्फोटक सामग्री को छुपाकर रखा गया था. 6 जनवरी 2026 को डीआरजी टीम जिला पुलिस मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं आईटीबीपी के संयुक्त दल द्वारा परवीडोह पहाड़ी क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया. सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा सतर्कता एवं सूझ-बूझ के साथ कार्रवाई करते हुए नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखा गया कुल 11 नग सलवाही माइन (पाइप बम) निर्माण में प्रयुक्त विस्फोटक डंप बरामद किया गया। समय रहते इस डंप को बरामद कर निष्क्रिय किया गया, जिससे किसी भी प्रकार की बड़ी नक्सली वारदात को विफल कर दिया गया है. इस प्रभावी एवं साहसिक कार्रवाई से जिले में सक्रिय नक्सली संगठनों में भय एवं भागदौड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है. साथ ही क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है.

करमतरा प्राथमिक स्कूल में मचा हड़कंप एक के बाद एक 19 बच्चे हुए बेहोश

खैरागढ़, 7 जनवरी (हाईवे चैनल)। छुईखदान-गंडई जिले के करमतरा स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल में सुबह के वक्त स्कूल लगते ही प्रार्थना के दौरान अचानक हड़कंप मच गया, जब बच्चे एकाएक कर चक्कर खाकर जमीन पर गिरने लगे। इस दौरान पता चला कि स्कूल खुलने से पहले पहुंचे बच्चों ने स्कूल परिसर के आसपास लगे रतनजोत के पौधे का फल खा लिया था। इसके बाद कई बच्चे बीमार पड़ गए। इन सभी बच्चों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालबांधा लाया गया, जहां इनका उपचार किया गया। डॉक्टरों के अनुसार कुछ बच्चों पर असर ज्यादा होने के कारण सिविल हॉस्पिटल खैरागढ़ लाया गया, जबकि बाकी बच्चों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

रतनजोत का फल खाने के चलते हुई थी ऐसी हालत

इस दौरान तीन बच्चों की हालत गंभीर होने पर उन्हें खैरागढ़ रेफर किया गया है। घटना की खबर फैलते ही करमतरा गांव में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में पालक और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए, अस्पताल परिसर में दहशत और चिंता का माहौल है। इस घटना को देखते हुए स्थानीय लोगों ने स्कूल परिसर से जहरीले पौधों को तुरंत हटाने और मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली के रामलीला मैदान इलाके में सैयद फैज इलाही मस्जिद और पास के कब्रिस्तान से सटी जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हिंसक रूप ले ली। दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद दिल्ली नगर निगम (स्ष्ठ्र) के अधिकारी जब तोड़फोड़ करने पहुंचे, तो स्थानीय लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर पत्थरबाजी की, जिसमें कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए।

सीएमएचओ आशीष शर्मा का कहना है कि जो बच्चे रतनजोत के पौधे का फल खाकर गंभीर रूप से बीमार हुए हैं, इन बच्चों का इलाज जारी है और लगभग 19 बच्चों ने रतन बिज का फल खाया था। जिन में से 16 बच्चों का इलाज जालबांधा सीएससी में हो रहा है, वही तीन बच्चों का इलाज खैरागढ़ सिविल अस्पताल में किया जा रहा है,जिनकी हालत स्थिर है और इन्हें 24 घंटे के लिए ऑब्जर्वेशन में रखा गया है।

ब्रेकिंग न्यूज

इसरो का रणनीतिक क्षमता बढ़ाने वाला EOS-N1 उपग्रह 12 जनवरी का होगा लॉन्च

नई दिल्ली, 7 जनवरी (न्यूज चैनल)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो नए साल के अपने पहले मिशन की तैयारी में जुट गया है। इस कड़ी में पीएसएलवी-सी62 मिशन का प्रक्षेपण 12 जनवरी को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया जाएगा। इसरो के एक अधिकारी के अनुसार, मिशन का मुख्य पेलोड EOS-N1 है, जो एक उन्नत इमेजिंग सैटेलाइट है। इस उपग्रह को अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा रणनीतिक जरूरतों के लिए विकसित किया गया है। इससे निगरानी और सुरक्षा से जुड़ी क्षमताओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस मिशन में रॉकेट के साथ एक छोटा प्रोब डिवाइस केस्ट्रेल इनिशियल डेमॉन्स्ट्रेटर भी भेजा जाएगा, जिसे स्पेन स्थित एक स्टार्टअप ने विकसित किया है। यह डिवाइस PS-4 स्टेज से जुड़ा रहेगा। इसके अलावा, भारत, मॉरीशस, लक्जमबर्ग, यूएई, सिंगापुर, यूरोप और अमेरिका के स्टार्टअप्स व शोध संस्थानों के कुल 17 अन्य वाणिज्यिक पेलोड भी इस उड़ान में शामिल हैं।

अमित शाह को हत्यारा कहने पर राहुल गांधी को 19 को तलब

नई दिल्ली, 7 जनवरी (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर स्थित एक अदालत ने बुधवार को राहुल गांधी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संबंधित मानहानि मामले में पेश होने के लिए तलब किया। सुल्तानपुर की सांसद-विधायक अदालत ने भाजपा नेता विजय मिश्रा द्वारा दायर मानहानि मामले में विपक्ष के नेता को गवाही देने के लिए बुलाया है। यह मामला आठ साल पुराना है और कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान अमित शाह पर राहुल गांधी की टिप्पणियों से संबंधित है। गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ राहुल गांधी की आपत्तिजनक टिप्पणियों पर मंगलवार को सुल्तानपुर की सांसद-विधायक अदालत में सुनवाई हुई। लगभग 40 मिनट तक चली सुनवाई के बाद, अदालत ने राहुल गांधी को तलब किया है और उन्हें 19 जनवरी को अदालत में पेश होने के लिए कहा गया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने राम चंद्र दुबे से जिरह पूरी कर ली है। वादी के वकील ने अदालत को सूचित किया कि जिरह पूरी हो चुकी है। अदालत ने आगे की कार्यवाही के लिए 19 जनवरी की तारीख तय की है।

गिरफ्तारी के बाद सौम्या चौरसिया ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा, कल होगी सुनवाई

बिलासपुर, 7 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले से जुड़े मामले में एक बड़ा कानूनी घटनाक्रम सामने आया है। ईडी की कार्रवाई के बाद गिरफ्तार की गई सौम्या चौरसिया ने आज छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। इस याचिका पर कल सुनवाई प्रस्तावित है। वहीं, इससे पहले ईओडब्ल्यू द्वारा सौम्या चौरसिया के खिलाफ जारी प्रोडक्शन वारंट पर 8 जनवरी को सुनवाई होनी है। इसके साथ ही इस पूरे मामले का ट्रायल 13 जनवरी से शुरू होने वाला है।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की जा रही है। इस प्रकरण में ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है, जिसमें करीब 3200 करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले का आरोप है। जांच के दौरान यह मामला लगातार नए खुलासों के कारण सुर्खियों में बना हुआ है। ईडी की ओर से अदालत में बताया गया है कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में यह कथित घोटाला एक संगठित सिंडिकेट के जरिए अंजाम दिया गया। जांच एजेंसी के अनुसार, मामले में राजनेताओं, आबकारी विभाग के अधिकारियों और कारोबारियों सहित कई लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज है। जांच एजेंसियां पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ते हुए मामले की गहन पड़ताल में जुटी हुई हैं।

मस्जिद के पास बुलडोजर एक्शन, भीड़ ने किया पुलिस पर पथराव; आंसू गैस का प्रयोग

छावनी बना दिल्ली का तुर्कमान गेट

नई दिल्ली, 7 जनवरी (न्यूज चैनल)। देश की राजधानी दिल्ली के तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण पर एमसीडी की बुलडोजर कार्रवाई की। स्ष्ठ्र ने दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देशों पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। देर रात हुई कार्रवाई का स्थानीय लोगों ने विरोध किया। देखते ही देखते भीड़ आक्रोशित हो गई। भीड़ ने पुलिस और कार्रवाई कर रही टीम पर पथराव कर दिया। पथराव के बाद इलाके में तनाव का माहौल हो गया। हालांकि पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के कार्रवाई के दौरान कुछ उपद्रवियों ने पत्थराव कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर हालात काबू किए। पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े। फिलहाल स्थिति सामान्य है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के

असम देश का पहला राज्य जिसने 8वें वेतन आयोग का किया गठन, 7 लाख राज्य कर्मचारियों की सैलरी में संभावित बढ़ोतरी

नई दिल्ली, 7 जनवरी (न्यूज चैनल)। असम ने एक बड़ा और दिलचस्प कदम उठाया है। देश में पहली बार कोई राज्य केंद्र से पहले ही अपने कर्मचारियों के लिए 8वें वेतन आयोग का गठन कर रहा है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 1 जनवरी 2026 को इसकी घोषणा की और पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव सुभास दास को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया। यह आयोग राज्य के लगभग 7 लाख कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन और सेवा शर्तों की समीक्षा करेगा।

हालांकि असम ने आयोग के गठन में पहल कर ली है, इसका मतलब यह नहीं कि वेतन वृद्धि तुरंत लागू हो जाएगी। आयोग की सिफारिशें आम तौर पर 1 जनवरी 2026 से ही प्रभावी मानी जाएंगी। राज्य सरकार को अपनी वित्तीय स्थिति और संसाधनों का मूल्यांकन करना होगा। अनुमान है कि वास्तविक वेतन वृद्धि की प्रक्रिया लगभग 18 महीने तक चल सकती है। इसका सीधा अर्थ यह है कि असम के कर्मचारी प्रक्रिया में तेज़ी लाने में सफल तो रहे हैं, लेकिन वेतन बढ़ोतरी का वास्तविक लाभ केंद्रीय कर्मचारियों के बराबर या उससे पहले मिलने के लिए सरकार की मंजूरी और फाइनेंशियल एफ्रूवल पर निर्भर करेगा। केंद्र सरकार ने भी 8वें वेतन आयोग की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय कर्मचारियों के लिए भी नए वेतनमान की प्रभावी तिथि 1 जनवरी 2026 होगी। यदि लागू करने में कुछ देरी होती है, तो पिछली अवधि का एरियर कर्मचारियों को भुगतान किया जाएगा।

प्रसिद्ध पंडवानी गायिका प्रभा यादव को भरत मुनि सम्मान

रायपुर, 7 जनवरी (हाईवे चैनल)। कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती ने अखिल भारतीय भरतमुनि सम्मान 2025 लोक कला एवं दृश्यकला के कला विद्वानों को देने की घोषणा की। लोक कला के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की वेदमती शैली की प्रमुख पंडवानी गायिका प्रभा यादव को सम्मानित किया जाएगा एवं दृश्य कला के अंतर्गत पुणे, महाराष्ट्र के चित्रकार चिंतामणि हसबनीस को उनकी कला साधना और अपने कार्यक्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए 01 फरवरी 2026 को ठाणे (महाराष्ट्र) में एक भव्य समारोह में अखिल भारतीय भरतमुनि सम्मान 2025 से अलंकृत किया जाएगा।

■ ठाणे मुंबई महाराष्ट्र में मिलेगा यह सम्मान

इन दोनों नामों की घोषणा करते हुए संस्कार भारती के अखिल भारतीय महामंत्री अश्विन दलवी ने कहा कि संस्कार भारती द्वारा दिया जाने वाला यह अखिल भारतीय भरतमुनि सम्मान भारत में पंचम वेद के नाम से विख्यात नाट्य शास्त्र के रचयिता महर्षि भरतमुनि को समर्पित है। ऐसे विशिष्ट कला साधकों को सम्मानित करते हुए हम गौरवान्वित हैं तथा इनकी समाजोन्मुखी कला साधना से अभिभूत भी है। इस पुरस्कार के लिए इन कलाकारों का चयन विशेषज्ञों की एक समिति द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना व पूर्व राज्यसभा सदस्य विदुषी सोनल मानसिंह (पद्म विभूषण) द्वारा तथा संस्कार भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष वायलिन वादक डॉ. मैसूर मंजूनाथ की उपस्थिति में यह सम्मान 01 फरवरी 2026 को गडकरी रंगायतन, ठाणे, महाराष्ट्र में आयोजित समारोह में दिया जाएगा। इसमें सम्मान स्वरूप एक स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं रुपए 1,51,000 की राशि भेंट कीजाएगी।

ऐतिहासिक! महाराष्ट्र के अंबरनाथ नगर परिषद में भाजपा और कांग्रेस का गठबंधन

नई दिल्ली, 7 जनवरी (न्यूज चैनल)। राजनीतिक गलियारों में अक्सर कहा जाता है कि राजनीति में %न कोई स्थाई दोस्त होता है और न ही स्थाई दुश्मन। महाराष्ट्र के अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव के नतीजों ने इस कहावत को पूरी तरह सच कर दिया है। यहाँ सत्ता की कुर्सी के लिए देश की राजनीति के दो विरोधी धुर भाजपा और कांग्रेस एक साथ आ गए हैं।

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में स्थित अंबरनाथ नगर परिषद में इस समय सियासी पारा चढ़ा हुआ है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गढ़ माने जाने वाले इस इलाके में बीजेपी ने अपनी ही सहयोगी पार्टी शिवसेना (शिंदे गुट) को सत्ता से बाहर रखने के लिए धुर विरोधी कांग्रेस के साथ हाथ मिला लिया है। अंबरनाथ नगर परिषद में कुल सीटों पर हुए चुनाव के बाद स्थिति कुछ ऐसी थी कि किसी भी एक दल के पास स्पष्ट बहुमत नहीं था। नगर परिषद के हालिया समीकरण इस प्रकार हैं- बीजेपी - 16 पार्षद, कांग्रेस- 12 पार्षद, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट)- 04 पार्षद, कुल समर्थन- 32 पार्षद (बहुमत के लिए पर्याप्त)

बीजेपी की तेजश्री करंजुले नगर परिषद अध्यक्ष चुनी गई हैं। कांग्रेस के 12 पार्षदों के समर्थन के बिना बीजेपी के पास केवल 20 पार्षदों का साथ था, जो बहुमत के आंकड़े से काफी दूर था। बीजेपी और कांग्रेस के इस गठबंधन से शिवसेना (शिंदे गुट) में भारी नाराजगी है। शिंदे गुट के विधायक डॉ. बालाजी किनीकर ने इसे अभद्र गठबंधन करार देते हुए कहा कि जो बीजेपी 'कांग्रेस-मुक्त भारत' का नारा देती है, उसी ने सत्ता के लालच में शिवसेना की पीठ में छुरा घोंपा है।

भाजपा का पलटवार

बीजेपी ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। बीजेपी उपाध्यक्ष गुलाबराव करंजुले पाटिल का कहना है कि उन्होंने महायुति (गठबंधन) बनाए रखने की कोशिश की थी, लेकिन शिंदे गुट की ओर से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 25 वर्षों से नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए यह कड़ा फैसला लेना जरूरी था।

ट्रेलर में लगी भीषण आग, चालक की जलकर मौत की आशंका

बीजापुर, 7 जनवरी (हाईवे चैनल)। बीजापुर जिले के एनएच-63 पर मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया. गदामल्ली चौक नयापारा मिंगाचल के पास रायपुर पासिंग नंबर का एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया और सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गया. टक्कर के तुरंत बाद ट्रेलर में भीषण आग लग गई और पूरा वाहन आग की चपेट में आ गया.

इसे भी पढ़ें - नशे में धुत स्कूल वाहन चालक ने ट्रक को मारी टक्कर, कई बच्चे घायल, स्कूल प्रबंधन की लापरवाही पर फूटा पालकों का गुस्सा

जानकारी के मुताबिक, ट्रेलर हैदराबाद की ओर जा रहा था. हादसे के बाद वाहन चालक का काफी देर तक कोई पता नहीं चल पाया, वहीं आशंका जताई जा रही है कि चालक की आग में जलकर मौत हो गई है. घटना की सूचना मिलते ही नैमेड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग की मदद से आग पर काबू पाया गया.

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों की सुनवाई पर कपिल सिब्बल ने जज को बताया कि मुझे तो कभी नहीं काटा।

चुहिया- हां जी, मशहूर वकील से कौन नहीं डरता..!